## खबर संक्षेप

### संगीतमय श्री सीताराम संकीर्तन अखंड पाठ का आयोजन



**सिंगोड़ी।** सिंगोड़ी के हृदय स्थल श्री राम मंदिर जी में संगीतमय सीताराम संकीर्तन अखंड पाठ का हुआ आयोजन, आयोजन की जानकारी देते हुए श्री मानस सेवा सत्संग समिति के अध्यक्ष पप्पू राव सोनी ने बताया कि प्रातः स्मरणीय पूज्य पाद मौनी जी महाराज के विशेष सानिध्य में संगीतमय श्री सीताराम संकीर्तन काअखंड पाठ किया गया1 मई गुरूवार प्रात 9:00 बजे से प्रारंभ हुए संकीर्तन में श्री मौनी जी महाराज के कृपा पात्र शिष्य सैकड़ो की संख्या में श्री राम मंदिर पधारे, देर रात्रि तक चले इस भव्य कार्यक्रम में शास्त्रीय संगीत के प्रख्यात कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक सीताराम जी के गुणगान में भजन गाए गएसैकड़ो की संख्या में माता बहनों एवं धर्म प्रेमी बंधुओ ने संकीर्तन में भाग लिया वायलिन वादक नवीन छिंदवाड़ा के द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी गई वही गायक कलाकार राजेंद्र विश्वकर्मा जी (छिंदवाड़ा) ने शास्त्रीय पद्धति से श्री सीताराम का गुणगान कियासमापन अवसर पर आगंतुकों के लिए तो अल्पाहार की व्यवस्था की गई श्री राम मंदिर आचार्य सुनील जी द्विवेदी के द्वारा हवन पूजन उपरांत कन्या भोजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ तत्पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ।

### 2 मरीजों को दिलाई 1 लाख 5 हजार की आर्थिक मदद

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने जिले के 2 मरीजों को 1 लाख 5 हजार की आर्थिक मदद मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से दिलाई है। सांसद के प्रयासों से इन दोनों मरीजों को आर्थिक सहायता मिलने से अस्पतालों में बेहतर इलाज हो सकेगा। विगत दिनों मरीजों एवं परिजनों ने सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात करते हुए अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देकर ईलाज के लिए आर्थिक सहायता के लिए निवेदन किया था।

### चोरी रोकने वाले दे रहे हैं अवैध रेत व्यवसाय को बढ़ावा

## निर्माण स्थल पर कार्य शुरू होने से पहले होने लगा अवैध रेत का भंडारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



तामिया तहसील में ऐसा लगता है!कि सरकार के नियम कानून शायद लागू नहीं होते हैं! इसके प्रमुख उदाहरण है! कि तामिया में दिन रात राजस्व एवं वन भूमि की नदियों से रेत की चोरी लगातार होती चली आ रही है! इस चोरी को रोकने की पूर्ण रूप से जिम्मेदारी खनिज विभाग की है! जबकि खनिज निरीक्षक ने रेत चोरी रोकने के प्रयास किया था! लेकिन उन पर हमला हुआ और पुलिस एवं आला अधिकारियों का सहयोग नहीं मिला और उन्होंने अपनी जान बचाना में ज्यादा उचित समझा?और ईस तरह रेत चोरी वेखौफ तरीके हो रही है! चोरी की रेत खरीदने में सबसे अव्वल है! यहां पर चल रहे निर्माण कार्यों के ठेकेदार क्योंकि इनके निर्माण स्थल पर रेत गिरते अधिकारियों की पकड़ से शायद दूर हो जाती है! इसके उदाहरण पिछले वर्षों से देखने मिल रहे हैं! कि सीएम राईज स्कूल निर्माण, आईटीआई कॉलेज निर्माण, भरियाढाना में संग्रहालय निर्माण, में अब तक हजारों घन मीटर चोरी की रेत निर्माण कार्य में उपयोग की जा चुकी है! इसी तरह अब मिडिल स्कूल परिसर में कोई निर्माण स्वीकृत हुआ है! जिसका प्रारंभिक तौर पर कार्य शुरू हो चुका है! यह किस विभाग का है!इसका उल्लेख कहीं भी नहीं है !वही विभाग का नाम पता भी नहीं चल पा रहा है! लेकिन यहां पर चोरी की रेत खरीदने की शुरुआत हो चुकी है! यहां पर रेत के ढेर देखे जा सकते हैं! इस तरह रेत चोरों ने सिद्ध कर दिया कि हम शासन प्रशासन से ऊपर हैं!और चोरी की रेत चाहे जहां बेच सकते हैं! मिडिल स्कूल मैदान पर निर्माण कार्य के लिए आने वाली रेत तो यही सिद्ध करती है! अब देखना यह है! कि नवागत नगर निरीक्षक क्षेत्र की खानिज निरीक्षक तामिया तहसीलदार मिडिल स्कूल मैदान पर हो रहे निर्माण कार्य के लिए रेत के अवैध भंडारण पर कार्रवाई कर चोरी की रेत बेचने वालो की पतासाजी कर कार्रवाई करेगी? या फिर पूर्व की तरह रेत की चोरी होती रहेगी? और रेत चोर प्रशासन पर सारे अधिकार चोरी पकड़ने मिले होने के बावजूद प्रशासन पूर्व की तरह असहाय यह सिद्ध होगा।

### सांसद ने वार्ड नंबर 10 में किया भूमिपूजन

## जिले को 1 करोड़ 21 लाख की सड़कों की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

अपने संसदीय क्षेत्र पांढुर्णा छिंदवाड़ा में विकास कार्यो की लगातार झड़ी लगाने वाले लोकप्रिय सांसद बंटी विवेक साहू ने सड़कों का भूमिपूजन किया। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रंमाक 10 में जनप्रिय सांसद के हस्ते 1 करोड़ 21 लाख रूपये की लागत से बनने वाली सड़कों का भूमिपूजन किया गया है।

इस राशि से लगभग 3 हजार मी. लंबी 8 सड़कें सीमेंट और डामरीकरण युक्त होगी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लाडले सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि जनता जर्नादन की सेवा ही उनका परम लक्ष्य है। विकास कार्य लगातार होते रहे, जनता को सौगाते मिलती रहे, आमजन ही समस्याओं का समाधान हो इसी लक्ष्य को लेकर वे दिन रात प्रयास कर रहे है। इन सड़कों के निर्माण से आमजन की अवागमन की परेशानियां दूर होंगी। सांसद श्री साहू ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र की भाजपा नीत सरकार और प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार लगातार विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है।

कार्यक्रम में महापौर विक्रम अहके ने नगर निगम द्वारा किए जा रहे विकास कार्यो का उल्लेख किया। वहीं मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर ने अपने उद्बोधन में भाजपा कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि वे केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रशासन के सहयोग से हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में प्रस्तावना भाषण वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद श्रीमती संगीता सुरेश उईके ने दिया।

## परिवार को 11 साल बाद मिला न्याय

### शिखर सुराना सहित 2 अन्य पर 2-2 लाख का लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा के खजरी रोड मैं मर्सी अस्पताल मैं जब गर्भवती महिला रोशनी सोनी को उनके पति आशीष सोनी ने इलाज के समय सोनोग्राफी के दौरान बरती गई लापरवाही के मामले में उपभोक्ता आयोग ने पूर्व सिविल सर्जन शिखर सुराना सहित मर्सी अस्पताल प्रबंधन व एक चिकित्सक मिनी वर्गीस पर 2-2 लाख रुपए का हर्जाना ठोंका है।



गुलाबरा सक्सेना कॉलोनी निवासी रोशनी पति अधिवक्ता आशीष सोनी की ओर से मुख्य अधिवक्ता अजय पालीवाल सुनील रघुवंशी व दविंदर खन्ना विशाल मथुरिया व रविन्द्र उइके ने बताया कि आवेदिका ने गर्भावस्था के दौरान मर्सी हास्पिटल में उपचार कराया था। प्रारंभिक जांच के दौरान की गई सोनोग्राफी में पूर्व सिविल सर्जन शिखर सुराना नै सोनोग्राफी रिपोर्ट में सिंगल चाइल्ड बताया जबकि यह जांच पूर्व में 2 बार भी डॉक्टर सुराणा द्वारा एक ही बच्चे का होना बताया गया जिस से मेरे पति द्वारा इलाज भी एक बच्चे का समझ कर होता रहा मुझे लगता है यही मेरे जुड़वाँ बच्चों की मृत्यु का कारण बना सील किसी अन्य चिकित्सक की लगाकर खुद साइन किए गए थे। करीब तीन माह बाद पता चला कि आवेदिका के पेट में दो बच्चे पल रहे थे, लेकिन सोनोग्राफी में तीसरी बार भी एक ही बच्चा होना बताया गया।

आखिर चिकित्सकों की लापरवाही से दोनों बच्चे मृत अवस्था में बाहर निकले। इस मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग ने आवेदिका के पक्ष में फैसला सुनाते हुए पूर्व सिविल सर्जन डॉ. शिखर सुराना को सेवा में कमी के चलते 2 लाख रुपए का हर्जाना देने का आदेश दिया है। वहीं मर्सी अस्पताल और तत्कालीन चिकित्सक डॉ मिनी वर्गीस को भी 2-2 लाख रुपए का हर्जाना देने का आदेश दिया है।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हुए दो व्यक्ति

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा के थाना माहुलझिर क्षेत्र में रात्रि के समय मोटर साइकिल दुर्घटना में घायल हुए दो व्यक्तियों को डायल-112/100 एफ. आर. व्ही. ने अस्पताल पहुँचाया छिंदवाड़ा के थाना माहुलझिर क्षेत्र के अनहोनी गाँव के पास एक एक्सिडेंट हो गया है, 02 व्यक्ति घायल हो गये है पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 01-05-2025 को रात्रि 11:21 बजे प्राप्त हुई।सूचना प्राप्ति पर तत्काल माहुलझिर थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ स उ नि पुरुषोताम ठाकुर आरक्षक नीरज ठाकुर पायलेट संजय चोबे ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि मोटर साईकिल के अनियंत्रित हो जाने से अरविंद परतेति पिता राम सनेर परतेति उम्र 23 साल एवं राम सनेर परतेति पिता खुशीलाल परतेति उम्र 45 साल निवासी देहियर मोटर साइकिल से गिर कर घायल हो गये थे । डायल-112/100 एफ आर व्ही द्वारा घायलों को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल माहुलझिर पहुँचाया गया। डायल-112/100 जवानों की तत्परता से घायलों को समय पर उपचार मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिता पुत्र अनहोनी गाँव से शादी से लौट कर अपने गाँव देहियर जा रहे थे।

## सिंगोड़ी में किया पहलगाम हमले का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी



गत दिनों जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में जहां जिले सहित देश भर के मुसलमान लगातार विरोध प्रदर्शन कर सक्त कार्यवाई की मांग कर रहे है तो वही सिंगोड़ी अंजुमन कमेटी तथा पिंडरई डबीर,रजोला, खकरा चौरई,के मुस्लिम समाज ने शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद मस्जिद परिसर से रैली निकाल कर पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला बस स्टैंड में फूका। तथा अमरवाड़ा तहसीलदार और चौकी प्रभारी को देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौप कर आतंकवाद और पाकिस्तान के ऊपर शक्त कार्यवाई की मांग की है।इस दौरान सिंगोड़ी अंजुमन कमेटी के सदर इलमन मिस्किनी कहा की पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा कायराना हरकत करते हुए निहत्थे देश के पर्यटकों की हत्या कर दिया था जिसकी समस्त मुस्लिम समाज घोर निन्दा करता है और मांग करता है की हमला करने वाले और इनको पन्हा देने वाले आतंकवादियो को सार्वजनिक रूप से चौक चौराह में फांसी दी जाए, जो मिशाल बने ताकि कोई भी हमारे देश की तरफ आंख उठा कर देख ना सके। वही जामा मस्जिद के पेश इमाम हाजी नौशाद आज़मी और हाफिज इदरीस वारसी ने कहा कि आतंकवादियो को पोषण देने वाले पाकिस्तान पर सैन्य कार्यवाई के साथ परमाणु हमला कर दुनिया से इसका नाम ही मिटा दिया जाए। ताकि भविष्य में मानवता और हिंदुस्थानियो के ऊपर कोई खतरा न हो सके। वही आगे कहा की देश की रक्षा के लिए हमेशा भारत का मुसलमान दुश्मन देश के खिलाफ सबसे आगे लड़ने के लिए खड़ा है।वही सभी उपस्थितियों ने भारत सरकार से मांग करते हुए कहा की बिना देर किए उचित कार्यवाई के साथ साथ अतंकवाद के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ने सख्त कदम उठाए जाने चाहिए। इस अवसर पर मंजूर पटेल, हाजी मोइनुद्दीन, अब्दुल कादिर, हाजी शमीम राजा, समीउल्लाह भाई ,हाफिज टेलर, बाबा भाई इब्राहिम, इरफान अली, पत्रकार जाहिद मंसूरी, पत्रकार शफीक मिस्किनी, बाहिद मिस्किनी मौजूद रहे।

## लाडली बालिकाओं को उपहार देकर किया सम्मानित



**जुन्नारदेव।** परियोजना जुन्नारदेव अंतर्गत सुश्री सीमा पटेल के मार्गदर्शन में एवम समस्त सैक्टर पर्यवेक्षक की उपस्थिति में मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत लाडली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन परियोजना जुन्नारदेव में परियोजना स्तर पर किया गया जिसमें परियोजना जुन्नारदेव के अंतर्गत लाडली बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों को आमंत्रित किया गया जिसमें लाडली बालिकाओं से रंगोली प्रतियोगिता मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया मार्शल आर्ट प्रदर्शन जो कि उनकी सुरक्षा को लेकर था पॉक्सो एक्ट के विषय में समझाया गया लाडली लक्ष्मी योजना की बालिकाओं को पोषण संबंधी समस्त विषयों पर बताया गया जैसे कि भविष्य में वह मां बनेगी सुरक्षित मातृत्व के विषय में बताया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली लाडली बालिकाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। लाडली बालिकाओं आश्वाशन प्रमाण देकर सम्मानित किया गया।

## राष्ट्रीय स्तरीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ी

### GI/NO-GI दोनों इवेंट में शामिल होकर 47 गोल्ड 17 सिल्वर 4 ब्रॉन्ज सहित 68 मेडल जीते



हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

जिला स्पोर्ट्स ग्रेपलिंग एसोसिएशन की ओर से आई मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी के 34 पहलवान खिलाड़ियों ने डीएलएफ ग्रीन सिटी इंदौर में 1 मई को आयोजित राज्य स्तरीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में अपने अपने आयु एवं वजन वर्ग में अपना शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 47 स्वर्ण 17 रजत एवं 4 कांस्य पदक जीतकर इस राज्य स्तरीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में छिंदवाड़ा जिले को ओवरऑल चैंपियन प्रथम स्थान दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने GI/ NO GI दोनों इवेंट में पार्टिसिपेट करते हुए शानदार सफलता अर्जित की। बच्चों ने इस बहुमूल्य उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मार्शल कोच योगेश रुखमांगद को दिया। इस उपलब्धि पर बच्चों के माता-पिता एवं शहर के जनप्रतिनिधि,व्यापरीकरण एवं गणमान्य नागरिकों ने श्रीराम तिराहा जुन्नारदेव पर बैंड बाजे, फूल,माला,मिठाई एवं आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि को देखते हुए माता-पिता भी भावुक हो उठें।

## एमएलबी स्कूल में सांसद ने लगाए पांच प्रजाति के पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जल गंगा संवर्धन अंतर्गत लाड़ली लक्ष्मी वाटिका MLB स्कूल के सामने स्थित पार्क में माननीय सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा पांच प्रजाति के पौधे रोपित किए गए।जिसमें उद्यान प्रभारी शिवप्रसाद पंद्राम, उद्यान पर्यवेक्षक डी सी डेहरिया अन्य कर्मचारी एवं महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लाड़लियों की पूजा अर्चना कर दी बधाई

### न्यूटन चिखली में लाडली लक्ष्मी दिवस का धूमधाम से किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

नगर परिषद न्यूटन चिखली में शुक्रवार को लाडली लक्ष्मी दिवस का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया । जिसमें लाडली लक्ष्मियों की पूजा अर्चना कर सभी को बधाई दी गई । लाडली दिवस आयोजन को खास बनाने के लिए नगर के समस्त 15 वार्डों की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और नगर की समस्त लाडली लक्ष्मियों को नगर परिषद सभा कक्ष में एक साथ आमंत्रित किया गया ।

नगर परिषद अध्यक्षा अनुपमा हेमंत राय , उपाध्यक्ष संतलाल यादव , सभापति नीरू चंदेल , शेख वशीम , अर्चना डेहरिया एवं पार्षद गणों की उपस्थिति में निकाय कर्मचारियों , आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने आमंत्रित लाडली लक्ष्मियों के चरण पखार कर पूजा अर्चना की और उन्हें बधाई दी।



आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने लाडली लक्ष्मियों के स्वागत के लिए सुंदर रंगोलियां बनाई एवं तोरण द्वार भी सजाये । इस अवसर मुख्य नगरपालिका अधिकारी अजय ठाकरे , उपयंत्री आरती टेकाम , निकाय कर्मचारी रंजीत आहके , अजय भारती , ब्रिजेश मालवी , सचिन सोनी , सतीश सोनी , देवी सूर्यवंशी , महेश भारती , इरफान खान , अजय मारवाड़ , अजय बरखे आदि उपस्थित थे । समस्त 15 वाड़ों की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका और गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में लाडलियाँ उपस्थित रही ।

## मोक्षधाम दमुआ परिसर में सात दिवसीय श्रीशिव महापुराण कथा का आयोजन

**दमुआ।** मोक्षधाम के देव महादेव महाकालेश्वर धाम मंदिर मोक्षधाम परिसर दमुआ मं 4 मई से 10 मई तक सात दिवसीय श्री शिवमहापुराण कक्षा का भव्य आयोजन किया जा रहा है । मोक्षधाम समिति दमुआ के तत्वाधान में धार्मिक कार्याक्रम आयोजन होना है। सात दिवासीय श्री शिवमहापुराण कक्षा के संगीतमय कार्यक्रम के कथा वाचक श्री रमांकांत शास्त्री जी नर्मदा परिक्रमा वासी श्री दादाजी के गुरूकृपा पात्र शिवम एवं श्री पंडित निशांत कृष्णा जी महाराज दमुआ के सानिध्य में अमृतवाणी के मुखारबिंद से कथा का रसपान कराया जावेगा सात दिवासीय श्री शिव महापुराण कक्षा के भव्य आयोन में मोक्षधाम सामिति दमुआ ने आयोजित धार्मिक क्रार्यक्रम में समस्त भक्तजनों नागरिक बन्धुओ सहित सभीा से आग्रह करते हुये अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पूर्णलाभ अर्जित करने का आहवान किया है श्री शिवमहापुराण कथा के सात दिवासीय कार्यक्रमकी तैयारियां चल रही है।

### लाडली लक्ष्मी उत्सव में शामिल हुए सांसद बंटी विवेक साहू

## परिवार के लिए वरदान है लाडली लक्ष्मी योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा




परिवार के लिए लाडली लक्ष्मी योजना वरदान साबित हो रही है। किसी समय कन्या के जन्म के पश्चात माता पिता चिंतित हो उठते थे। लेकिन भाजपा सरकार ने अपनी दूरदर्शी सोच और जनसेवा की नीतियों के चलते माता पिता की दशा को खुशियों में बदल दिया है। आज लाडली लक्ष्मी योजना मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना जैसी कई योजनाएं आमजन के लिए वरदान साबित हो रही है।

यह बात जन-जन के लाडले सांसद बंटी विवेक साहू ने अपने उद्बोधन में कही। शुक्रवार को ओलंपिक स्टेडियम स्थित सभागार में आयोजित लाडली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार और हमारे लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान और विकास के लिए सतत प्रयासरत है।

हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरे प्रयास किए जा रहे है। आमजन को सुख समृध्दि और वैभव प्रदान करना ही सरकार का लक्ष्य है। कार्यक्रम में उन्होंने लाडली लक्ष्मी बालिकाओं और माताओं को सम्मानित किया। वहीं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रर्दशन करने वाली बालिकाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए। सांसद श्री साहू ने कार्यक्रम शुभारंभ पर लाडली लक्ष्मीयों का पूजन भी किया।

### सांसद ने फ्लॉस्क बॉटल का उपहार दिया, पौधरोपण किया

लाडली लक्ष्मी उत्सव में उपस्थित सैंकड़ो लाडली लक्ष्मी बालिकाओं की माताओं को सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने अपनी ओर से फ्लॉस्क बॉटल उपहार स्वरूप दी। फ्लॉस्क बॉटल पाकर लाडली लक्ष्मीयों और उनकी माताओं के चेहरे खिल उठे, वहीं कार्यक्रम के पूर्व लाडली लक्ष्मी उत्सव के तहत सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सामने स्थित लाडली लक्ष्मी उद्यान में पौधरोपण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, नगर निगम सभापति जगेन्द्र अल्डक, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष रिजवान कुरैशी, संतोष पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं महिला बालविकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ.हेमंत छेकर, परियोजना अधिकारी श्रीमती कृष्णा विश्वकर्मा, श्रीमती संगीता चौरे सहित महिला बालविकास के अधिकारी कर्मचारी एवं जिलेभर से आई लाडली लक्ष्मीयां उनकी माताएं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा सहायिकाएं उपस्थित थी।

## टाटा स्ट्राइव से अतिथि सत्कार की ट्रेनिंग लेने वाले होम स्टे हितग्राहियों को बांटे गए प्रमाण पत्र

# पर्यटन के नक्शे पर छिंदवाड़ा को उभारना हमारी प्राथमिकताः कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पर्यटन की असीम संभावनाओं से भरे छिंदवाड़ा को देश-प्रदेश में पर्यटन के नक्शे पर उभारना हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है, इसके लिए मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के साथ मिलकर अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। जिले के होम स्टे प्रदेश के लिए मील का पत्थर हैं, यहां आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिले, वे सुरक्षित तरीके से घूम सकें। पर्यटकों को स्वादिष्ट व पौष्टिक भोजन मिले। पर्यटन से रोजगार के अवसर बनें, इस पर लक्ष्य बनाकर कार्य किया जा रहा है।

यह विचार कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में आयोजित ग्रेजुएट सैरेमनी में व्यक्त किए। अतिथि सत्कार की ट्रेनिंग लेने वाले हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र देकर कलेक्टर श्री सिंह ने सभी का हौसाला बढ़ाया। इस अवसर पर जिला पुरातत्व, पर्यटन व संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी श्री बलराम राजपूत, पर्यटक प्रबंधक श्री गिरीश लालवानी, टाटा स्ट्राइव से सेंटर मैनेजर श्री अरविंद कुमार व्दिवेदी, मास्टर ट्रेनर श्री आकाश भारद्वाज व होम स्टे हितग्राही उपस्थित थे।

टाटा स्ट्राइव कौशल विकास केंद्र से छिंदवाड़ा के पर्यटन ग्राम सावरवानी, चोपना, चिमटीपुर, बीजाढाना, काजरा, धूसावानी, धगड़िया के 129 हितग्राहियों को अतिथि सत्कार की ट्रेनिंग दी गई थी। इस निःशुल्क ट्रेनिंग के बाद शुक्रवार को कलेक्टर श्री सिंह के हाथों हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र सौंपे गए। इस मौके पर कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि होम स्टे खुल जाने से ग्रामीण अंचल में पर्यटन बढ़ रहा है और कई परिवारों को घर बैठे रोजगार मिला है और गांवों में आर्थिक गतिविधियां सुदृढ़ हुई हैं। उन्होंने काजरा व चिमटीपुर के तैयार हो चुके होम स्टे जल्द खोलने के निर्देश दिए। पर्यटन विकास को अपनी प्राथमिकता बताते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड व जिला प्रशासन पर्यटन स्थलों पर सभी सुविधाएं देने, सफाई सहित आसान मार्ग बनाने व उनके विकास के लिए कई स्तर पर कार्य कर रहा है। उन्होंने होम स्टे के लिए टूर पैकेज बनाने, रेल्वे स्टेशन-बस स्टॉप व आसपास के शहरों में होम स्टे के प्रचार के लिए होर्डिंग्स लगवाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी होम संचालकों से गांवों में आ रही समस्याओं को जाना और तत्काल उन्हें हल करने के निर्देश संबंधित आधिकारियों को दिए। पर्यटन विकास के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। इस कार्यक्रम में जिला पुरातत्व, पर्यटन व संस्कृति परिषद के अशासकीय सदस्य श्री नागेन्द्र गढ़ेवाल, इंडियन ग्रामीण सर्विसेज से सुश्री रीना साहू, परार्थ समिति से मंजरी चांदे, श्री कमलेश यदुवंशी, श्री आकाश सरेयाम, श्री सनोद नागवंशी व अन्य होम स्टे संचालक उपस्थित थे।

# नगर के तीन वार्डों में चला महा हस्ताक्षर अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भाजपा सरकार के द्वारा नगर पालिक निगम क्षेत्र की जनता पर थोपे गए कर का विरोध शहर कांग्रेस एवं कांग्रेस पार्षददल के द्वारा लगातार किया जा रहा। सरकार के विरुद्ध जन समर्थन जुटाने चलाए जा रहे महा हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 42,43 व 44 में जनता के हस्ताक्षर लेकर भाजपा की जनविरोधी नीतियों से अवगत भी कराया।

हस्ताक्षर अभियान कलेक्ट्रेट रोड स्थित शंकर जी की मढिया के पास से प्रारंभ होकर गुलाबरा के मुख्य मार्ग से होते हुए तीन वार्डों में चला। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर लेकर नागरिकों को बताया कि भाजपा सरकार प्रतिदिन जनता को महंगाई के मुंह में धकेल रही। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी एवं जिले के पूर्व सांसद माननीय नकुलनाथ जी के कार्यकाल में नगर पालिक निगम के द्वारा किसी प्रकार का टैक्स नहीं बढ़ाया गया। नेताद्वय के साफ निर्देश थे कि जनता पर किसी भी प्रकार के बढ़े हुए कर ना थोपे जाएं, क्योंकि नागरिक पहले से ही महंगाई की मार को झेल रहे हैं ऐसे में बढ़ा हुआ कर उनकी आर्थिक स्थिति को बिगाड़ सकता है। माननीय कमलनाथ व माननीय नकुलनाथ की यह सार्थक सोच है, किन्तु भाजपा सरकार जनता से बढ़ा हुआ टैक्स वसूलने पर अमादा है। कांग्रेस पार्षदों के द्वारा निरंतर विरोध किए जाने के उपरांत भाजपा सरका ने अपनी हठधर्मिता का परिचय देते हुए कर बढ़ाया है।

शहर कांग्रेस व कांग्रेस पार्षद दल के द्वारा चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान को आम जनमानस की ओर से भरपूर जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है। जिन वार्डों में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है वहां के नागरिकगण खुलकर कह रहे हैं कि भाजपा सरकार के द्वारा जनता पर कर का बोझ डाला गया जिसका परिणाम भाजपा सरकार को आगामी चुनाव में अवश्य भुगतना पड़ेगा।

# सामाजिक कार्यकर्ता साहू के प्रार्थना पत्र पर प्रधानमंत्री कार्यालय आया हरकत में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अहमदाबाद आश्रम की जमीन पर स्थानीय सरकार की असंवैधानिक कार्यवाही पर रोक की मांग की। जिस पर प्रधानमंत्री जी द्वारा तुरंत एक्शन लेते हुए गुजरात सरकार के उपसचिव राजस्व विभाग को कार्यवाही हेतु आदेशित किया जिसका शिकायत क्रमांक PMOPG / E/ 2025 / 0061209 है ।

प्रार्थना पत्र में बताया कि सन 2014 में जब भाजपा सत्तारूढ़ हुई तो हिंदुओं का विश्वास बढ़ा है । इन 11 वर्षों में सरकार ने कई अनगिनत ऐतिहासिक कार्य किये हैं जिसमें राममंदिर निर्माण , धारा 370 खत्म करना , महिलाओं को चुनाव में 50 प्रतिशत आरक्षण , वक्फ संशोधन बिल , सर्जिकल स्ट्राइक आदि आदि हैं । देश का गौरव पूरे विश्व में बढ़ा है । पर यह भी एक कटु सत्य है कि जितना अत्याचार इन 11 वर्षों पर हिंदुओं पर हुआ उतना कभी नही हुआ , जिसमें पालघर में साधुओं की निर्ममहत्या , निर्दोष सन्त आशारामजी बापू को जबरन जेल में रखना ,पच्छिम बंगाल में हिन्दुओं पर अत्याचार और पलायन , राजस्थान में ऐतिहासिक 200 धरोहर ( मंदिर ) तोड़ना प्रमुख है । यह सब घटना हिन्दुओं में सरकार के प्रति अविश्वास पैदा करता है । आपके पैतृक निवास अहमदाबाद गुजरात के एक सहायक कलेक्टर ने पूज्य बापूजी के अहमदाबाद आश्रम प्रबंधन को नोटिस जारी कर आश्रम की जमीन खाली करने का तुगलकी फरमान जारी किया है । कारण बताया कि 2036 में होने वाले ओलंपिक के लिए स्टेडियम तैयार करना । जो हास्यास्पद है ।

# तीन दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आएंगे नकुल-कमलनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जन-जन के लोकप्रिय नेता व मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का छिन्दवाड़ा आगमन होने जा रहा है। आगमन पश्चात नेताद्वय विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे साथ ही छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिला कांग्रेस पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। तीन दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आगमन उपरांत माननीय नकुलनाथ जी संविधान बचाओ रैली में सम्मिलित होने के साथ ही हर्रई के धनौरा में क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी की आयोजित बैठक में उपस्थित होंगे साथ ही अन्य कार्यक्रमों में भी सम्मिलित होंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार दिनांक 6 मई 2025 दिन मंगवार को दोपहर 12 बजे नेताद्वय का विशेष वायुयान से ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर आगमन होगा। आगमन उपरांत जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। दिनांक 07 मई 2025 दिन बुधवार को माननीय कमलनाथ जी एवं माननीय नकुलनाथ जी का हेलीकाप्टर द्वारा प्रातः 10.30 बजे परासिया आगमन होगा, जहां नेताद्वय के हस्ते अस्पताल का उद्घघाटन होगा। तदोपरांत माननीय नकुलनाथ जी दोपहर 12 बजे हर्रई के धनौरा पहुंचकर क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी की आयोजित बैठक में सम्मिलित होंगे। दोपहर 02 बजे श्री नाथ का शिकारपुर आगमन होगा। माननीय कमलनाथ जी एवं माननीय नकुलनाथ जी अपराह्न 04 बजे हेलीकाप्टर द्वारा मोहखेड़ ब्लॉक के ग्राम देवगढ़ पहुंचेंगे, जहां वे कांग्रेस नेता बाजीलाल कुमरे के सुपुत्र के विवाह कार्यकम में सम्मिलित होंगे, तदोपरांत सांय 06 बजे नेताद्वय का शिकारपुर आगमन होगा।

## जबलपुर में खेलेंगे चयनित खिलाड़ी

**छिंदवाड़ा।** जिला बैडमिंटन संघ छिंदवाड़ा द्वारा जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय ओलंपिक बैडमिंटन स्टेडियम में 3 दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जिले भर के खिलाड़ियों ने भाग लिया उल्लेखनीय है कि बैटमिंटन प्रतिभा खोज चयन स्पर्धा के माध्यम से खिलाड़ियों के खेल स्तर में सुधार कर उनको जबलपु में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भाग लेने हेतु चयनित किया गया बालिका व बालक वर्ग के 80 खिलाड़ियों ने स्पर्धा में भाग लिया । खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन हेतु स्पर्धा अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैस ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर स्पर्धा का शुभारंभ किया इस अवसर परप्रियकांत जुनेजा, प्रदीप वाल्मीक,रविकांत अहिरवार,डॉ अनिल जैन ,स्पर्धा सचिव जावेद खान ,अज़हर खान ,तरुण विश्वकर्मा, अनिल शर्मा,विजय पवार,राकेश चौरसिया विशेष रूप से उपस्थित रहे । आयोजन समिति के सचिव जावेद खान ने बताया कि 8 मई को चयनित खिलाड़ी जबलपुर में हो रही राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने छिंदवाड़ा से रवाना होंगे ।निर्णायक एवं चयन कर्ता के रूप में अक्षय मक्कड़ ,कोमल साह, अशवंत मार्को ,भाविक धुर्व,महिमा यादव ने सहयोग किया ।

# सांसद ने जिले के विकास के लिए केंद्रीय मंत्री से मांगा सहयोग

**छिंदवाड़ा।** केंद्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री डॉक्टर वीरेंद्र कुमार जी का अल्प समय के लिए छिंदवाड़ा आगमन हुआ सर्किट हाउस में सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया केंद्रीय मंत्री ने सांसद को जन्मदिन पर उन्हें बधाई भी दी सांसद श्री साहू ने केंद्रीय मंत्री से जिले के विकास को लेकर चर्चा की और छिंदवाड़ा पांढुर्णा जिले के विकास के लिए सहयोग मांगा सांसद ने सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय के तहत केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे समाज के वंचित और हाशिए पर पड़े अनुसूचित जाति,पिछड़ा वर्ग, विकलांग व्यक्ति, वरिष्ठ नागरिक के कल्याण को लेकर विस्तृत चर्चा की सांसद से चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार जी ने कहा कि छिंदवाड़ा, पांढुर्णा जिले के लिए के नागरिकों के लिएउनके मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का पूरा लाभ दिलाया जाएगा।सर्किट हाउस में प्रमुख रूप से भाजपा नेता अरविंद राजपूत पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित पोफली एवं अन्य भाजपा के पदाधिकारी एवं युवा भाजपा नेता उपस्थित थे।

## कांग्रेस का हर कार्यकर्ता अपने आप को समझे विधायक-विवेक पटेल

# विधायक जनसम्पर्क कार्यालय का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

नगर के दीनदयाल चौक के समीप स्थित लोक निर्माण विभाग कार्यालय के बाजू में स्थित भवन में विधायक जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व बैहर विधायक संजय उइके, बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे, वारासिवनी विधायक विवेक विक्की पटेल, डोंगरमाली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह जीतू राजपूत, खैरलॉजी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोकुल गौतम सहित सैकड़ों कांग्रेसजनों की उपस्थिति में फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर विधायक विवेक पटेल द्वारा अपनी धर्मपत्नि, माताजी श्रीमती उर्मिला पटेल व पुत्र के साथ विधिवत पूजा अर्चना की गई और वहीं समीप स्थित शिव मंदिर में जाकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया गया। इस मौके पर शर्मा दंपत्ति द्वारा एक से बढक़र एक गीत प्रस्तुत कर कांग्रेसजनों को झूमने पर मजबूर कर दिया गया। कार्यक्रम में विधानसभा चुनाव के दौरान बजाए गए गीत जीतेगा विक्की पटेल रे, को जब मंच से गायिका श्वेता शर्मा द्वारा गाया गया, तो विधायकद्वय अनुभा मुंजारे व विक्की पटेल के साथ कांग्रेसजनों ने जमकर नृत्य किया।

कार्यक्रम के दौरान मजदूर दिवस के अवसर पर कई मजदूरों का शाल-श्रीफल से विधायकों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं व नेताओं द्वारा सम्मान किया गया।

**सामान्य व्यक्ति से जनता ने नगरपालिका अध्यक्ष बनायाः** कार्यक्रम के दौरान विधायक विवेक विक्की पटेल ने अपने सम्बोधन में कहा कि मैं एक सामान्य व्यक्ति था, मुझे नगर की जनता ने वारासिवनी नगरपालिका का अध्यक्ष बनाया। जिसके बाद सभी पार्षदों के सहयोग से नगर का विकास किया। नगर में इंडोर स्टेडियम, मोक्षधाम, गाँधी बाल उद्यान सहित वॉर्ड की सडक़े बनाई। फिर वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र की जनता ने मुझे आशीर्वाद दिया और विधायक बनाया। मुझसे मिलने के लिए आप कभी भी किसी भी समय आ सकते हो, मेरे घर और कार्यालय में गार्ड नहीं रहता, कोई रोकता नहीं, मुझसे आप सीधे मिलकर अपनी समस्या बता सकते हो। हम प्रयास करेंगे कि जल्द से जल्द समस्या का निराकरण हो सके। मेरे क्षेत्र का हर कांग्रेस कार्यकर्ता विधायक हैं, अगर उन्हें कोई परेशानी होगी, मतलब मुझे परेशानी होगी, क्षेत्र की जनता जैसा काम को भी काम कहेगी, उन्हीं के अनुसार काम किया जायेगा।

### जनता की सेवा करने के लिए मैं हमेशा खड़ा रहूंगा-विवेक पटेल

उन्होंने कहा कि वारासिवनी-खैरलांजी क्षेत्र के हर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का क्षण हैं, यह इमारत ईटों और गारे से बनी संरचना नहीं हैं, बल्कि उन लाखों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सपनों, समर्पण और बलिदान का प्रमाण हैं। जिन्होंने इस महान पार्टी के माध्यम से देश के हर व्यक्ति की सेवा की हैं। विषम परिस्थितियों में भी कांग्रेस का कार्यकत्र्ता कभी झुका नहीं, कभी किसी से डरा नहीं, सामने आगे आकर डटकर खड़ा रहा। इसी का परिणाम हैं कि जनता की सेवा करने के लिए नगर में जनसम्पर्क कार्यालय का शुभारम्भ किया गया।

### क्षेत्र के हर व्यक्ति के चहेते हैं विवेक पटेल-अनुभा मुंजारे

बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने अपने सम्बोधन में कहा कि चुनाव में जनता ने अपने पसंद के जनप्रतिनिधि को चुना हैं, जो लोकतंत्र की सबसे अच्छी तस्वीर हैं। बाबा साहेब अम्बेडकर की देन हैं, जो हम विधायक बने हैं और अपने क्षेत्र की समस्याओं को विधानसभा में रखते हैं। कभी किसी को कमजोर नहीं समझना चाहिये, कब कौन कहा पहुँच जाये, कहाँ चले जाये, कभी कहा नहीं जा सकता हैं। ये सब भगवान का आशीर्वाद हैं। आज मजदूर दिवस पर कार्यालय का शुभारंभ किया हैं, इन्ही की मेहनत से सडक़, पुल, पुलिया, भवन का निर्माण किया जाता हैं। बड़े लोगों के पीछे दुनिया दौड़ती हैं, लेकिन एक गरीब के साथ हम जुड़ जाये, उसके दर्द को समझ जाये, वहीं सच्ची समाज की सेवा हैं। विधायक पटेल कमजोर व्यक्ति के साथ जुड़े हैं, जो क्षेत्र की जनता की समस्याओं को समझते है और उनकी समस्या का निराकरण करते हैं। काम करने की ऊर्जा विवेक पटेल से सीखना चाहिए, जो रात में भी क्षेत्र में घूमते रहते हैं। हर छोटे-बड़े व्यक्ति के घर पहुँच जाते हैं, मैं भी पार्षद से नपा अध्यक्ष बनकर विधायक बनी हूँ। वैसे ही विवेक पटेल पार्षद से नपा उपाध्यक्ष और अध्यक्ष बनकर विधायक बने हैं और क्षेत्र के हर व्यक्ति का काम कर रहें हैं।

# 15 वर्षीय बालक की तालाब में डूबने से मौत



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम सादाबोड़ी के बैसादोह तालाब में एक 15 वर्षीय बालक की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई. यह दर्दनाक घटना शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे के आस-पास की है. सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव बरामद किया और शाम करीब 05 बजे मृत बालक के शव का पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है. इस हृदय विदारक घटना से परिवार में मातम छाया हुआ है. मिली जानकारी अश्विन पिता अशोक चचाने उम्र 15 वर्ष निवासी नांदी को शुक्रवार की सुबह ही माता-पिता मौसा यदुराज कुसराम के घर छोड़कर मजदूरी का काम करने के लिए रवाना हुआ था. सुबह 10 बजे अश्विन अपने मौसा यदुराज और पड़ोस में ही रहने वाले दो अन्य मासूम बच्चे क्रिस और संजना कुसराम के साथ तालाब की तरफ गए हुआ था. यदुराज लकड़ी लेकर अपने घर की तरफ आ गया और बच्चों ने कुछ देर बाद घर वापस आने की बात कहीं. यदुराज की गैरमौजूदगी में बच्चे तालाब में चले गया. जहां गहरे पानी में डूबने से अश्विन की मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

# वित्त वर्ष 2025 में मॉयल का लाभ 30 प्रतिशत बढ़ा




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वित्त वर्ष 2024-25 में मॉयल लिमिटेड ने उल्लेखनीय वित्तीय और परिचालन प्रदर्शन करते हुए 30% की वृद्धि के साथ 381.64 करोड़ का कर पश्चात लाभ अर्जित किया है। कंपनी के निदेशक मंडल ने 30 अप्रैल 2025 को आयोजित बैठक में चौथी तिमाही तथा पूरे वित्त वर्ष के परिणामों को अनुमोदित किया। चौथी तिमाही में कंपनी का कर पश्चात लाभ 27% बढ़कर ₹115.65 करोड़ तक पहुँच गया, जबकि इसी अवधि में परिचालन से प्राप्त राजस्व 433.40 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 4% अधिक है। पूरे वित्तीय वर्ष में कंपनी का कुल राजस्व ₹1584.94 करोड़ रहा, जिसमें 9% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई।

वित्त वर्ष 2025 के दौरान मैंगनीज अयस्क का उत्पादन 3% की वृद्धि के साथ 18.03 लाख टन रहा, वहीं अयस्क की बिक्री 15.87 लाख टन रही, जिसमें 3.3% की वृद्धि हुई। फेरो मैंगनीज की बिक्री भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची, जो 54% की वृद्धि के साथ 12,942 मीट्रिक टन रही। इसी अवधि में अन्वेषणात्मक ड्रिलिंग कार्यों में भी 22% की वृद्धि दर्ज की गई और कुल 1,07,530 मीटर की ड्रिलिंग की गई। कंपनी ने प्रति इक्विटी शेयर ₹1.61 का अंतिम लाभांश घोषित किया है, जो 4.02 के अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त है।

मॉयल लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री अजित कुमार सक्सेना ने कहा कि वित्त वर्ष 2025 में कंपनी ने उल्लेखनीय प्रगति की है। यह प्रदर्शन मॉयल टीम की प्रतिबद्धता, कुशल प्रबंधन और रणनीतिक दिशा का परिणाम है। हम इस सकारात्मक गति को बनाए रखते हुए भविष्य में और भी ऊँचाइयों तक पहुँचने के लिए संकल्पित

## विद्यार्थियों को दिया जायेगा विभिन्न कौशलों का प्रशिक्षण

# सी एम राइज विद्यालय में 20 दिवसीय समर केम्प प्रारम्भ

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



सी एम राइज विद्यालय वारासिवनी में 1 मई से 20 मई तक आयोजित होने वाले समर कैंप का शुभारंभ 1 मई को किया गया। इस अवसर पर सी एम राइज शासकीय टिहली बाई उत्कृष्ट विद्यालय वारासिवनी के प्रभारी प्राचार्य एवम् समर केम्प कार्यक्रम के संयोजक हुमराज पटले ने जानकारी देते हुए बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार प्रति वर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश में विद्यालय स्तर पर समर केम्प का आयोजन किया जाता हैं। इस वर्ष समर केम्प का आयोजन 1 मई से 20 मई 2025 तक समय प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक किया जाना है।

उन्होंने बताया कि शासकीय विद्यालयों में अकादमिक गतिविधियों के साथ विद्यार्थियों के रचनात्मक सृजन शीलता, कला कौशल के विकास के लिये समर केम्प सी एम राइज, पी एम श्री, उत्कृष्ट व मॉडल विद्यालयों के साथ 500 से अधिक नामांकन वाले एकीकृत हायर सेकेंडरी विद्यालय में आयोजित किया जा रहा हैं।

उन्होंने बताया कि समर केम्प का उद्देश्य विद्यार्थियों में 21 वीं सदी के विभिन्न कौशलों जैसे आपसी सहयोग, टीम वर्क, समस्या समाधान, आपसी सामान्यजस्य, तार्किकता और नेतृत्व जैसे जीवन कौशल विकसित करने के लिए अवसर प्रदान करना, सामाजिक, सांस्कृतिक जागरूकता के अंतर्गत डिजिटल और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना, विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषाबोलने की क्षमता विकसित करना आदि शामिल है।

उन्होंने बताया कि विद्यालय स्तर पर समर केम्प लोक शिक्षण द्वारा प्रदत्त थीम के आधार पर आयोजित करने के निर्देश हैं। इसमें खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, योगा, डांस, संगीत, घुड़सवारी, लेखन प्रतियोगिता, इंडोर गेम, आउटडोर गेम, आर्ट एंड क्राफ्ट, पेंटिंग इत्यादि का आयोजन किया जाना हैं।

इन कार्यक्रमों का आयोजन प्रभारी राजेश सोनेकर खेलकूद शिक्षक, डेलेन्द्र मेश्राम आई टी शिक्षक, कमल टेम्भरे पुस्तकालय शिक्षक, मुकेश देशकर वादक, श्रीमती नेहा चौहान आर्ट एंड क्राफ्ट शिक्षक, सुश्री रितिका जैन डांस शिक्षक, श्रीमती आकांशा आश्वले पेंटिंग द्वारा किया जाना हैं। समर केम्प का समापन 20 मई को किया जाएगा।

# ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में हुआ कार्यक्रम का आयोजन



**वारासिवनी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय वारासिवनी द्वारा नगर के वार्ड नंबर 7 साधना भवन में नवनिर्मित कमरों के लोकार्पण अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और आध्यात्मिक ज्ञान का लाभ उठाया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि इंदौर ज़ोन की मुख्य निदेशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी जी ने शिरकत की। इस अवसर पर भिलाई सेवा केंद्र की क्षेत्रीय निदेशिका आशा दीदी, नरसिंहपुर सेवा केंद्र से ब्रह्माकुमारी कुसुम दीदी, सरोज दीदी के साथ ही सभी साथी बहनें भी उपस्थित रहीं। बालाघाट जिले की मुख्य संचालिका ब्रहमाकुमारी माधुरी बहन और वारासिवनी सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी उर्वशी दीदी ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम का आयोजन साधना भवन प्रांगण में किया गया था। जहां उपस्थित जनसमूह ने आध्यात्मिक ज्ञान और शांति का अनुभव किया। इस अवसर पर लोगों ने अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरणा प्राप्त की। इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषताओं में आध्यात्मिक ज्ञान और शांति का अनुभव, मुख्य अतिथि के रूप में ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी की उपस्थिति, वरिष्ठ पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति, नगर के विभिन्न वर्गों के लोगों की भागीदारी रही।

**खबर संक्षेप**

## ग्राम पंजारा में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शक्ति हर काल और परिस्थिति में मनुष्य की सहयोगी होती है। हम सभी इस शक्ति को देवी के रूप में जानते और पूजते हैं। उक्ताशय की बात आचार्य श्री हितेन्द्र पाण्डेय जी काशी (मातृधाम) ने विकासखंड केवलारी के गांव पांजरा खेरमाई मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद् देवी भागवत पुराण में शुक्रवार को कहीं। ग्रामवासियों ने बताया कि परम श्रद्धेय पूज्यपाद जगतगुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी स्वारुपानंद सरस्वती जी महाराज एवं भगवती ग्रामदेवी एवं माँ बैनगंगा की कृपा से ग्राम पांजरा में दिव्य एवं भव्य कार्यक्रम खैरमाई प्रांगण, पांजरा में आयोजित है। जिसके चलते यहां प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के चलते शनिवार 3 मई को विशेष पूजा की जाएगी।। वहीं कथा विश्राम एवं हवन प्रसाद भण्डारा 5 मई 2025, दिन सोमवार को होगा।

# अच्छी खबर: टू लेन से फोरलेन बनेगा सिवनी-बालाघाट मार्ग

**सिवनी से बालाघाट तक 90 किमी लंबी टू-लेन सडक़ को फोरलेन में तब्दील करने की कार्रवाई तेज हो गई है। मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एमपीआरडीसी) ने इस सडक की डीपीआर बनाने का काम प्रारंभ कर दिया है। यह फोरलेन सडक़ बोरीकला, बरघाट व बालाघाट जिले के लालबर्रा के बाहर होकर गुजरेगी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



फाईल फोटो

इन तीनों स्थानों पर फोरलेन बायपास बनाकर सडक़ निकाली जाएगी। बायपास बनाने का निर्णय इसलिए लिया गया है, ताकि यातायात सुगमता संचालित हो सके और तीनों स्थानों पर बाहर से ही वाहन गुजर सकें। एमपीआरडीसी की सहायक महाप्रबंधक का कहना है कि तीन डीपीआर तैयार की कार्रवाई जारी हे। जल्द ही डीपीआर तैयार कर शासन को भेजी जायगी। यहां से स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर निकालने की कार्रवाई होगी। इसी साल सिवनी-बालाघाट फोरलेन सडक़ का निर्माण प्रारंभ कराने के प्रयास हो रहे हैं।

बालाघाट फोरलेन सडक़ को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार ने 3 जुलाई 24 को पेश किए गए अपने पहले पूर्ण बजट में मंजूरी प्रदान की थी। इस फोरलेन सडक़ के लिए 1466 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सिवनी-बालाघाट सडक़ को फोरलेन बनाने की मांग सालों से की जा रही थी। अगस्त 2022 में पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन ने संसद में भी यह मांग उठाई थी। इसके पश्चात बालाघाट आगमन के दौरान केन्द्रीय मंत्री नितिन गडक़री ने सिवनी - बालाघाट सडक़ को फोरलेन मार्ग बनाने की घोषणा की थी। हालांकि केन्द्रीय मंत्री की घोषणा के बावजूद एनएचएआई ने न ही इस सडक़ को बनाने का कोई आदेश जारी किया और न ही इस संबंध में कोई नोटिफिकेशन जारी किया गया।

### जरूरी है फोरलेन का निर्माण

सिवनी बालाघाट 90 किलोमीटर का स्टेट हाईवे जहां एक ओर नागपुर रायपुर नेशनल हाईवे से जुड़ता है, वहीं दूसरी ओर यह मार्ग नागपुर जबलपुर व सिवनी बैतूल नेशनल हाईवे से मिलता है। इस कारण इस मार्ग पर यातायात का भारी दबाव बना रहता है। वर्तमान में यह मार्ग एमपीआरडीसी के अंतर्गत है। एमपीआरडीसी द्वारा इस मार्ग का निर्माण वर्ष 2004 में कराया गया था। उचित रखरखाव के आभाव में यह मार्ग काफी खराब हो गया था। इसके बाद इस मार्ग को मरम्मत कर आवागमन के लायक बनाया गया है। इस मार्ग की चौड़ाई कम होने और वाहनों का दबाव बढने के कारण हादसे की आशंका भी बनी रहती है। यातायात के भारी दबाव व सुगम आवाजाही के लिए जरूरी हैं कि बालाघाट सिवनी स्टेट हाइवे को फोर-लेन बनाया जाए। अधिकारियों की माने तो जल्द ही इस मार्ग के निर्माण के लिए जरूरी कार्र्रवाई कर निर्र्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा, ताकि इस मार्ग से आने जाने वालों को सुविधा मिल सके।

### फोरलेन बनने से पर्यटकों को होगा लाभ

सिवनी- बालाघाट सडक़ के ट्रैफिक का कोरोना काल में सर्वे भी कराया गया था। उस दौरान इस मार्ग पर प्रति माह लगभग डेढ़ लाख वाहन गुजर रहे थे। वर्तमान में सिवनी - बालाघाट रोड पर प्रति माह लगभग दो लाख वाहन आना-जाना कर रहे हैं और चौबीसों घंटे यातायात चलता है। पेंच नेशनल पार्क आने वाले देशी-विदेशी पर्यटक बालाघाट जिले में स्थित कान्हा नेशनल पार्क के मुक्की गेट पर भी टाइगर सफारी के लिए पहुंचते हैं। वहीं उधर से पर्यटक पेंच नेशनल पार्क भी आते हैं। इस सडक़ के फोरलेन बनने से पर्यटकों को भी लाभ होगा।

लोकसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सडक़ मार्ग से सिवनी से बालाघाट जाते समय सडक़ की जर्जर हालत को देखकर फोरलेन बनाने की घोषणा थी और 3 जुलाई 24 को पेश हुए बजट में इसकी स्वीकृति प्रदान की गई।

### इनका कहना है

सिवनी से बालाघाट तक फोरलेन सडक निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने की कार्रवाई की जा रही है। डीपीआर तैयार कर शासन को भेजी जाएगी। यहां से स्वीकृति के बाद टेंडर की प्रक्रिया की जाएगी।

श्रद्धा पाठक, सहायक महाप्रबंधक एमपवीआरडीसी, सिवनी

# गंज में गांजा तस्कर महिला को नगर कोतवाल वामनकर ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



थाना प्रभारी कोतवाली किशोर वामनकर के नेतृत्व में टीम गठित कर गांजा रेड कार्यवाही की गई। दिनांक 01/05/235 को विश्वसनीय मुखबिर सूचना प्राप्त हुई थी कि रेल्वे क्रासिंग के पास एक महिला गांजा तस्करी कर रही है जो थाना प्रभारी व्दारा थाना स्तर पर टीम गठित कर वरिष्ठ अधिकारियो को सूचना से अवगत कराकर मुखबिर बताये स्थान रेल्वे क्रासिंग के पास जो महिला की महिला स्टाफ द्वारा विधिवत तलाशी लेने पर संदिग्ध महिला के कब्जे अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला जिसकी विधिवत कार्यवाही की गई। जप्ती 01 किलो 180 ग्राम गांजा किमती करीबन 12000/- रूपये नाम आरोपी आरती मानाठाकुर पति अजय मानाठाकुर निवासी रानी दुर्गावती वार्ड।

### इधर, एक के नौबे देने वाले को पकड़ा

सिवनी जिले में चल रहे जुआ, सटटा, अवैध शराब ब्रिकी, अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता सख्त हैं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श गुरूदत्त शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति पूजा पांडे के मार्ग दर्शन में पूर्व में जुआ सट्टा एवं अवैध मादक पदार्थ बेचने वालो पर कार्यवाही होती रही है। थाना प्रभारी कोतवाली किशोर वामनकर के नेतृत्व में टीम गठित कर रेड कार्यवाही की गई। मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि नील गिरी हनुमान मंदिर के पास एवं गायत्री मंदिर के पास बारापत्थर के पर दो व्यक्ति अंको पर लोगो के रूपयो का दाव पेंच लगाकर सट्टा पट्टी लिख रहे है टीम गठित कर दोनो अलग अलग स्थानो पर घेराबंदी कर दबिश देकर रेड कार्यवाही की गई। जिसमें दो आरोपियो को पकडने में सफलता प्राप्त हुई । दोनो व्यक्तियो पर अलग अलग अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही की गई।

# फ़ोटो खिंचवाने को लेकर हुआ विवाद ने ली एक की मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के किंदरई थाना अंतर्गत बरेली ग्राम में रात्रि के समय शादी समारोह में फ़ोटो खिंचवाने की बात को लेकर 2 लोगो मे विवाद हो गया। जिसके बाद 2 लोगो ने युवक को पीटा जिसके कारण व्यक्ति की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार बरेली ग्राम में शादी समारोह कार्यक्रम चल रहा था जहां फ़ोटो खिंचवाने की बात को लेकर हरि यादव और संतोष पिता मंगल यादव उम्र 40 निवासी करकवाडा के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद लोगो ने बीच बचाव कर विवाद को शांत करवाया। जब संतोष यादव पंडाल से बाहर निकला तो हरि यादव ने दोस्त के साथ संतोष की पिटाई कर दी और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। और मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी लोगो ने किंदरई पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और व्यक्ति के शव का पंचनामा बनाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। साथ



ही घटनाक्रम की जांच की जा रही है। किंदरई थाना प्रभारी जी.एस राजपूत का कहना है कि सूचना मिली थी कि शादी समारोह में फ़ोटो खिंचाने की बात पर हुए विवाद में एक व्यक्ति की मौत हो गई है फिलहाल मर्ग कायम कर जांच की जा रही हैं और व्यक्ति की हत्या करने वालो कि तलाश की जा रही है।

# फर्जी पुलिस वाला बनकर नौकरी लगाने के नाम पर युवक से 3,26,871 रूपये की ठगी

## छपारा पुलिस ने किया पर्दाफाश, आरोपी हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रार्थी प्रियकेंश यादव पिता सीताराम यादव उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम बर्रा थाना छपारा जिला सिवनी म.प्र. ने एक आवेदन पत्र आरोपी सूरज कुर्रे पिता संतोष कुर्रे निवासी ग्राम पेंडरी पोस्ट मस्तूरी थाना मस्तूरी जिला बिलासपुर छतीसगढ के द्वारा स्वयं को पुलिस वाला बताकर एवं वाट्सएप मे पुलिस की वर्दी वाली पुलिस की फोटो भेजकर आवेदक को विश्वास मे लेकर पुलिस में नौकरी लगाने के नाम पर आवेदक से नगदी, फोन पे एवं कियोस्क बैंक के माध्यम से कई किस्तो मे कुल 3,26,871/- रूपये बेईमानी पूर्वक घोखाधडी करते हुये लाभ अर्जित करने के संबंध में पेश करने पर आरोपी सूरज कुर्रे के विरूद्ध धारा-318(4), 319(2), 204 बीएनएस का घटित करना पाये जाने से सूरज कुरे के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील कुमार मेहता द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना स्तर पर तत्काल पुलिस टीम का गठन कर मामले में शीघ्र कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महोदय लखनादौन के मार्गदर्शन में छपारा पुलिस टीम द्वारा सूरज कुर्रे पिता संतोष कुर्रे निवासी ग्राम पेंडरी पोस्ट मस्तूरी थाना मस्तूरी जिला बिलासपुर छतीसगढ को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई जिसने जुर्म स्वीकार किया है एवं आरोपी से मोबाईल, आधारकार्ड, पेनकार्ड एवं वोटरआईडी कार्ड जप्त कर आरोपियो गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। सराहनीय भूमिका - निरीक्षक खेमेन्द्र कुमार जैतवार, उपनिरी सुक्कूलाल उईके, आरक्षक गजेन्द्र समरीते, रतिभानशा इवनाती, गौरीशंकर परते।

### एक व्यक्ति की पेड़ गिरने से मौत

सिवनी जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की पेड़ गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय माठूलाल पंद्रे के रूप में हुई है। गुरुवार दोपहर लगभग 3 बजे माठूलाल लकड़ी लेने जंगल गए थे। उसी समय तेज आंधी चलने के कारण उनके ऊपर पेड़ गिर गया। शाम को जंगल से लौट रहे कुछ ग्रामीणों ने माठूलाल को पेड़ के नीचे दबा हुआ देखा। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचित किया। स्थानीय लोगों की मदद से माठूलाल को पेड़ के नीचे से निकाला गया। उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर में भर्ती कराया गया।

## केन्द्रीय मंत्री ने किया निरीक्षण देखी व्यवस्थाएं



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार द्वारा सिवनी जिले के अल्प प्रवास के दौरान गुरूवार 01मई को को वृद्धाश्रम सिवनी एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र सिवनी का औचक निरीक्षण किया गया। प्रभारी उपसंचालक श्री संदीप परते एवं जिला समन्वय अधिकारी सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण श्री प्रशांत सोनी द्वारा बताया गया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार द्वारा वृद्धाश्रम सिवनी का निरीक्षण किया गया एवं वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में सराहना की गई

# नि:शुल्क कोचिंग संस्थान द्वारा कोचिंग पढ़ रहे है छात्र-छात्राओं को पानी की बोतल की गई भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

नगर छपारा में निशुल्क कोचिंग संस्थान उषाशंकर चैरिटेबल द्वारा छपारा नगर के अंबेडकर वार्ड स्थित संत रविदास भवन में गरीब बच्चों को तीसरी क्लास से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क कोचिंग पढ़ाई जा रही है। इस कोचिंग संस्थान में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को शुक्रवार को संस्थान के द्वारा पानी की वाटल भेंट की गई. ताकि गर्मी के इस मौसम में बच्चे पीने का पानी साथ में ला सके. इस दौरान स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार मौजूद रहे जहां पानी की बोतल भेंट की गई. गरीब परिवार के बच्चों के लिए संचालित हो रही

# गिफ्ट अ डेस्क पहल में सहभागिता कर दानदाताओं ने स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों के लिए उपलब्ध कराई डेस्क एवं बेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



जिलें के शासकीय की विद्यालयों में अध्ययन करने वाले बच्चों की सुविधाओं के लिए कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में सुगम कक्षा से सरल शिक्षा अभियान के अंतर्गत जन सहयोग से गिफ्ट अ डेस्क पहल चलाई जा रही हैं। जिससे बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, सामाजिक संगठन एवं गणमान्य नागरिक जुड़कर स्वेच्छा से स्कूलों को डेस्क गिफ्ट कर रहे हैं।

इसी क्रम में गुरुवार 1 मई को जनपद पंचायत केवलारी के सुदूर ग्राम पीपरदोन में आयोजित हुए कार्यक्रम में कलेक्टर सुश्री जैन भी शामिल हुई।

उन्होंने रतनपुर पंचायत अंतर्गत आने वाले 6 स्कूलो में कक्षा 1 से 5 वीं में अध्ययनरत 88 बच्चों के लिए डेस्क गिफ्ट कर रहे 51 दानदाताओं का आभार माना। उन्होंने पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्रामों के दानदाताओं द्वारा धनराशि एकत्रित कर गिफ्ट अ डेस्क अभियान में पांच स्कूलों में डेस्क उपलब्ध कराने पर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपके सहयोग से इन स्कूलों में अध्ययन कर रहे तथा भविष्य में भी पढने वाले बच्चों को बडी सुविधा होगी। उन्होंने स्कूल के उन्नयन कार्य में आगामी समय में भी सहयोग करने की अपील की। कलेक्टर सुश्री जैन ने डेस्क पाकर उत्साहित बच्चों से प्रतिदिन स्कूल आने तथा मन लगाकर पढाई करने के लिए प्रेरित किया।

### बोरदई टेकरी मे उर्स शरीफ का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बोरदई टेकरी में हजरत बाबा सैय्यद अब्दाल कादरी शाह रह. अलेह का 42वाँ उर्स शरीफ दिनांक 3 मई 2025, शनिवार को अकीदत के साथ मनाया जाएगा। 02 मई को कुरआन खानी व मिलाद शरीफ, 03 मई को जुलूस-ए-संदल व रात 9 बजे कव्वाली मुकाबला आयोजित होगा जिसमें सरफ़राज अनवर साबरी कव्वाल(उ. प्र.) व कमर वारसी कव्वाल (उ.प्र.) शिरकत करेंगे। 04 मई को सुबह कुल शरीफ व फातिहा होगी। उर्स का संचालन आशिक कमेटी द्वारा किया जाएगा। नोटः सभी अकीदतमंदों से उर्स में शिरकत की गुजारिश है।

### कलेक्टर ने बरघाट में जलगंगा संवर्धन अभियान एवं उपार्जन कार्यों का किया अवलोकन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने गुरूवार 01 मई को बरघाट विकासखंड के ग्राम बोरीकला एवं विजयपानी का निरीक्षण कर जलगंगा अभियान अंतर्गत किए जा रहे जल संरक्षण तथा संवर्धन कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम बोरीकला में किए जा रहे अमृतसरोवर कार्यों की गुणवत्ता एवं कार्यप्रगति का अवलोकन कर कार्यों की सराहना की तथा विजयपानी में अमृत सरोवर कार्यों का पुनः अवलोकन करने के निर्देश कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को दिए। कलेक्टर सुश्री जैन ने बरघाट विकास खंड के मानसी वेयर हाउस का भी निरीक्षण गेहूं उपार्जन कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने केन्द्र प्रभारी से उपार्जित गेहूं तथा पंजीकृत किसानों की जानकारी लेकर एफएक्यू मानक का ही गेहूं उपार्जित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने उपार्जन केन्द्र नोडल अधिकारी को प्रतिदिन निरीक्षण न करने को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये हैं।

### जिले के 798 संबल हितग्राहियों को पहुंची मुख्यमंत्री संबल योजना की अनुग्रह राशि

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** श्रम पदाधिकारी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल 2.0 योजना की अनुग्रह राशि का हितलाभ वितरण हितग्राहियों को उमरबन जिला धार में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से सिंगल क्लिक द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम के माध्यम से सिवनी जिले में भी हितलाभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिले के कुल 798 संबल हितग्राहियों के खाते में कुल 17 करोड 24लाख की अनुग्रह सहायता राशि का सिंगल क्लिक कर डीबीटी के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के खाते में भुगतान की गई। हितलाभ वितरण कार्यक्रम का लाईव प्रसारण जिला स्तर पर एनआईसी केन्द्र एवं ब्लॉक स्तर पर समस्त जनपद कार्यालयों एवं नगरीय निकायों में किया गया जिसे सभी के द्वारा देखा व सुना गया।

## केवलारी रेलवे स्टेशन में यात्री सुविधायें बढ़ाने की मांग

# केवलारी में रीवा इतवारी एक्सप्रेस, घँसौर में शहडोल नागपुर ट्रेन एवं ग्वारीघाट रेलवे स्टेशन में सभी एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज देने की माँग

## आदिवासी लोकसभा क्षेत्र की जनता के सर्वागीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण

**हरिभूमि न्यूज केवलारी** ,दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नेरोगेज छोटी लाइन रेल के समय से ही अपना एक अलग महत्वपूर्ण स्थान रखने वाला, रेलवे राजस्व को अच्छी राजस्व आय,इन्कम देने वाला केवलारी रेलवे स्टेशन आज सुविधाओं के लिए और अपने उन्नयन के लिए रेलवे की ओर बाट जोह रहा है। केवलारी नगर का रेलवे स्टेशन जो की आदिवासी लोकसभा क्षेत्र मंडला के अंतर्गत आता है,जोकि आदिवासी, गरीब, मजदूर हरिजन,सामान्य पिछड़े वर्ग के लोग इस रेलवे स्टेशन के क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 200 गाँवो के रहवासी आबादी को समेटे हुए हैं।यहाँ मुख्यतया रोजी रोटी कमाने के लिए इन्दौर,भोपाल, नागपुर, जबलपुर, कटनी,रीवा,सतना,शहडोल,जैसे महानगरों की ओर जाते है।जो पूरी तरह से रेलवे पर निर्भर है। बसों का अत्यधिक किराया,एवं समय भी इन लोगों पर भारी पड़ता है। लगभग सवा सौ साल पहले से इस क्षेत्र की आबादी,आमजनता बहुत ही संघर्षो के साथ छोटी लाइन की छुक छुक ट्रेनों में अपनी रेल यात्रा संपन्न करती थी। परंतु केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के आने के बाद तेजी से नेरोगेज से ब्राडगेज रेल परिवर्तन का कार्य शीघ्रता से पूर्ण होने जाने से इस क्षेत्र की जनता को ब्रॉड गेज रेल सुविधाओं का मिलना चालू हुआ है ।परंतु रेलवे को यात्रियों की सुविधाओं एवं रेलवे की राजस्व आय,इन्कम बढ़ाने के लिए,केवलारी, घँसौर, ग्वारीघाट जैसे रेलवे स्टेशनों में सुविधाओं का विस्तार करना पड़ेगा। केवलारी रेलवे स्टेशन में रीवा इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन का 2 मिनट का स्टॉपेज होना बहुत जरूरी है इस 2 मिनट की स्टॉपेज से लगभग 200 गांव की जनता को रीवा नागपुर जाने आने का साधन सुलभ होगा । यह केवलारी रेलवे स्टेशन वैसे भी राजस्व की दृष्टि से,रेलवे यार्ड के माध्यम से, टिकिट बिक्री के हिसाब से रेलवे को प्रतिदिन, प्रतिमाह लाखों की आय देते आ रहा है ।इस ट्रेन के स्टॉपेज से रेलवे की आय में इजाफा होगा। रिजर्वेशन की सुविधाये छोटी रेल लाइन के समय में इस केवलारी रेलवे स्टेशन में रिजर्वेशन की सुविधा होती थी परंतु वर्तमान में ना होने से लोगों को रेलवे रिजर्वेशन के लिए यहां से 25 किलोमीटर दूर नैनपुर रेलवे स्टेशन जाना पड़ता है जिससे लोगों को समय पैसों की अनावश्यक खर्चा उठाना पड़ता है ।अतः शीघ्र ही रिजर्वेशन खिड़की प्रारंभ की जाए जिससे रेलवे आए में बढ़ोतरी होगी

प्लेटफॉर्म की लंबाई और ऊँचाई बढ़ाई जाए

केवलारी स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेनों के हिसाब से लम्बी ट्रेन होने की वजह से जनरल बोगी के डिब्बे प्लेटफॉर्म से बाहर चले जाते है। जिससे यात्रियों सहित,विकलांग व्यक्तियों यात्रियों को चढ़ने उतरने में भारी दिक्कतें ,परेशानीयों का सामना करना पड़ता हैं।



रेलवे स्टेशन में पानी की टंकी बड़ी टंकी बनाई जाए पानी मानव जीवन के लिए अत्यंत ही आवश्यक पानी जल सुविधा के लिए स्टेशन के पास बड़ी पानी टंकी का निर्माण किया जाए। जिससे यात्रा करने वाले यात्रियों को प्लेटफार्म में और रेलवे कर्मचारियों को पानी का फायदा मिल सकेगा। ग्वारीघाट रेलवे स्टेशन में सभी एक्सप्रेस ट्रेनों का 2 मिनट का स्टॉपेज ग्वारीघाट रेलवे स्टेशन में सुरक्षा एवं समय के सद्धुपयोग के साथ ही हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माँ गौरी के नाम पर बसा ग्वारीघाट, पवित्र नर्मदा नदी के तट पर बना रेलवे स्टेशन हिंदू धर्म प्रेमी जनता के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। क्योंकि इस स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज ना होने से लगभग सभी एक्सप्रेस ट्रेन मदन महल ,जबलपुर स्टेशन में प्लेटफार्म खाली होने के इन्तजार में बेसमय कछपुरा रेलवे स्टेशन और गढ़ा रेलवे स्टेशन के बीच में खड़ी हो जाती हैं जहां से यात्रियों को जबलपुर महानगर जाने के लिए या अन्यत्र रेल ट्रेनों के कनेक्शन के लिए परेशान होना पड़ता है। इन स्टेशनो के पास से किसी भी प्रकार के ऑटो,सहित अन्य वाहनों की सुविधा आवागमन के लिये उपलब्ध नहीं हो पाती ।और सुनसान जगह में 20 मिनट से लेकर आधा,एक घंटे तक ट्रेन यहां खाली रहती है। जिससे लोगों के समय की बर्बादी होती है,साथ ही असुरक्षा की स्थिति उत्पन्न होती हैं।ऐसे में यदि ग्वारीघाट रेलवे स्टेशन में इन्हीं ट्रेनों को 2 मिनट के लिए रोक दिया जाता हैं तो वहां से पूरे शहर के लिए साधन उपलब्ध हो जाते हैं। बस स्टैंड, रेलवे बड़ी स्टेशन जाने के लिए यहां से आवागमन की सुविधा सहज ही उपलब्ध हो जाती है। ग्वारीघाट स्टेशन में 2 मिनट का स्टापेज देने से स्टेशन के साथ-साथ रेलवे की भी राजस्व आय में बढ़ोतरी होगी।सांसद प्रतिनिधि सुधीर पाण्डे,केवलारी जागरूक नागरिक मंच के रमाशंकर महोबिया, हाजी रफीक खान,संजय पाण्डे,राकेश आत्मपूज्य,पवन यादव, पवन बघेल,आनंद जैन,दिलीप जैन,दीपक अग्रवाल,प्रीतम पाल,धर्मचन्द जैन,मनोज बट्टी,सागर तिवारी,रामसिंह जंघेला,नससु खान सहित,सैकड़ों गाँवो की जनता,समाजसेवियों, व्यापारी वर्ग, गरीब मजदूर जनता,रोज अप डाउन करने वाले लोगों, छात्र, छात्राओं ने इस क्षेत्र को बड़ी रेल,ब्राडगेज सुविधा दिलवाने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, स्थानीय सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते,रेलवे विभाग के रेल महाप्रबंधक, रेलवे के कमर्शियल विभाग,एवं नागपुर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के डी आर एम महोदय से शीघ्र ही इन माँगो की ओर ध्यान देते हुए, रेल सुविधाओं को बढ़ाने की अपील की गयी हैं।

## आनन-फानन में पठार संघर्ष समिति और किसानों के साथ की बैठक

# आंदोलन की चेतावनी से डगमगाया प्रशासन

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

दो राज्यों की संयुक्त सिंचाई परियोजना राजीव सागर बांध का पानी बावनथड़ी नदी में छोड़े जाने की मांग को लेकर लगातार प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने और निवेदन करने के बाद भी नदी में पानी नहीं छोड़े जाने से नाराज पठार संघर्ष समिति और दो राज्यों के किसानों ने 04 मई से बोनकट्टा बैरियर चौक में अश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आंदोलन की चेतावनी दी थी. इस चेतावनी के बाद प्रशासन डगमगा गया है और हर हाल में इस धरना प्रदर्शन आंदोलन को रोकने की तैयारी में है. इसी प्रशासनिक तैयारी के चलते कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देशन पर शुक्रवार को दोपहर 02 बजे जनपद पंचायत के सभा हाल में एसडीएम मधुवंत राव धुर्वे, राजीव सागर परियोजना अनुविभागीय अधिकारी के.के.पारधी, थाना प्रभारी तिरोड़ी ने पठार संघर्ष समिति, राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ और पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के किसानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. बैठक के दौरान अधिकारियों की तरफ से पहले यह भरोसा दिया गया कि 04 मई को पानी छोड़ा जाएगा. हालांकि इस बैठक के बाद राजीव सागर बांध के एसडीओ



ने कलेक्टर से चर्चा का हवाला देते हुए 05 मई को पानी छोड़े जाने की बात कहीं है. पठार संघर्ष समिति के संयोजक आंजनबिहरी सरपंच दीपक पुष्पतोड़े का कहना है कि फिलहाल के लिए 04 मई को प्रस्तावित धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया है लेकिन अगर 05 मई को पानी नहीं छोड़ा गया तो 06 मई को धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया जाएगा जिसकी सारी जवाबदेही शासन-प्रशासन की होगी।

### पेयजल संकट से जूझ रहा पठार

गत वर्ष अपेक्षाकृत कम बारिश होने से पूरे क्षेत्र में गहरा प्रभाव पड़ा है. पठार अंचल में दो राज्यों की जीवनदायिनी बावनथड़ी नदी के किनारों के गांवों में यह इस कदर हालात बिगड़े की कई गांवों में नल-जल योजना बंद हो गई और जिन किसानों ने रबी के सीजन में धान की खेती थी उनकी फसल बर्बाद हो गई. किसानों को मजबूरन फसलों को काटकर पशुचारे के लिए रुप में इस्तेमाल करना पड़ा. पठार अंचल के लोगों की समस्या को देखते हुए पठार संघर्ष समिति काफी लंबे समय से बांध का पानी नदी में छोड़ने की मांग कर रही थे ताकि नदी किनारे गांवों का भूजल स्तर बना रहे और ग्रामीणों को पीने का पानी उपलब्ध हो. पठार संघर्ष समिति पदाधिकारियों ने 02 अप्रैल को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर पठार अंचल और पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के गांवों से प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा और पानी छोड़ने की मांग की. जब प्रशासन ने इस पर गंभीरता नहीं दिखाई तो फिर 17 अप्रैल को करीब 15 ग्राम पंचायतों के मांग पत्र के साथ कलेक्टर कार्यालय में फिर ज्ञापन सौंपा गया और इस बार साफ शब्दों में चेतावनी दी गई कि अगर पानी नहीं छोड़ा गया तो दोनों ही राज्यों के किसान बोनकट्टा बैरियर चौक में धरना प्रदर्शन करेगें. जिसके बाद शुक्रवार को बैठक हुई।

### राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने दिया समर्थन

पठार संघर्ष समिति और महाराष्ट्र राज्य के किसानों की मांग को जायज ठहराते हुए राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने प्रस्तावित धरना प्रदर्शन को अपना समर्थन दिया था. शुक्रवार को जब अधिकारियों ने पठार संघर्ष समिति और महाराष्ट्र के किसानों से चर्चा करने के लिए बैठक बुलाई तो इस बैठक में महासंघ के जिलाध्यक्ष खोवेन्द्र तुरकर, ईश्वरी प्रसाद बिसेन, ब्लॉक अध्यक्ष मिनेश राज तुरकर और अन्य पदाधिकारी भी शामिल हुए. महासंघ ने कहा कि अगर पठार अंचल के किसानों की मांग को अनसुना किया गया और धरना प्रदर्शन हुआ तो इसमें महासंघ भी अपना समर्थन देते हुए सड़क पर उतरेगा।

## रेप का मामला: समाज के लोग 7 मई को जन आक्रोश रैली निकालेंगे; 16 मांगों का प्रस्ताव पारित



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में शुक्रवार को चार आदिवासी बालिकाओं से हुए सामूहिक रेप मामले में रानी दुर्गावती भवन में विभिन्न आदिवासी संगठनों ने बैठक की। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, 7 मई को संयुक्त आदिवासी मोर्चा जनाक्रोश रैली निकालेगा और कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेगा। बैठक में यह भी तय की गई कि 16 मांगों को रैली के दौरान ज्ञापन के रूप में प्रशासन को सौंपा जाएगा।

समाज ने हट्टा थाना प्रभारी के निलंबन की मांग की है। घटना के दो दिन बाद एफआईआर दर्ज की गई, जिसे लेकर भी नाराजगी जताई गई है। आदिवासी समाज प्रतिनिधि सत्येन्द्र इनवाती ने कहा- जिन पंचायत प्रतिनिधियों और अन्य लोगों ने मामले को दबाने का प्रयास किया, उन सभी पर एट्रोसिटी एक्ट के तहत कार्रवाई की जानी चाहिए।

युवा अध्यक्ष शुभम उईके ने बताया कि पीड़ित परिवारों को कानूनी आर्थिक मदद तो मिली है। लेकिन मुख्यमंत्री राहत कोष, सांसद, विधायक और रेडक्रास से कोई सहायता नहीं मिली है। पीड़ित परिवार रोजगार की मांग कर रहे हैं। वे खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

समाज ने मामले में देरी करने वालों और समझौता कराने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### बैठक में लिए गए यह निर्णय

परिवार को आर्थिक सहायता, सुरक्षा, रोजगार, गांव में बुनियादी सुविधाएं, थाना प्रभारी हट्टा को निलंबित करने, बिठली सरपंच, सचिव, सहसचिव और कोटवार को निलंबित कर उन पर कानूनी कार्रवाई, आदिवासी समाज से मुख्यमंत्री मांगे माफी, कलेक्टर कार्यालय का घेराव, पुलिस अधीक्षक को हटाए जाने, गोदरी पूर्व सरपंच भीरकु मातरे के खिलाफ कानूनी कार्रवाई, मामले में फास्टट्रैक को लेकर क्या कार्रवाई हो रही, भगतपुर सरपंच पति विजय गड़पाले पर कानूनी कार्रवाई और मुद्दा उठाने वाले पर सामाजिक लोगों की सुरक्षा को लेकर निर्णय लिए गए।

## गो-तस्करी के 6 आरोपी पकड़ाए



### पुलिस ने 31 मवेशी मुक्त कराए, चांगोटोला और मलाजखंड में कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में चांगोटोला और मलाजखंड पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई में 31 गोवंश को मुक्त कराया है। इस दौरान 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। चांगोटोला थाना पुलिस ने पाद्रीगंज में कार्रवाई की। यहां से देवसर्रा निवासी डालचंद मड़ावी और पाटादाह निवासी फरालाल चौहान को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 17 गोवंश मुक्त कराए गए। मलाजखंड पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पौनी सरईटोला में कार्रवाई की। यहां से रजेगांव निवासी सहेस उर्फ पप्पू पटेल, मुरकुटा निवासी भजनलाल मानेश्वर, लिमोटी निवासी जगतसिंह मेरावी और राय पिता सुंदरलाल को गिरफ्तार किया। इनके पास से 14 गोवंश बरामद किए गए।

सभी आरोपियों के खिलाफ एमपी गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004, पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 और मध्यप्रदेश कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

## खेत तालाब को टैंक बनाकर मछली पालन के साथ रबी में धान उपजा रही है सुनीता

**बालाघाट।** वारासिवनी में तुमाड़ी की सुनीता जैराम के खेत मे 2022 में मनरेगा के तहत खेत बनाया गया था। करीब 6 फिट गहराई में बने खेत तालाब से सुनीता और उनके पति मिलकर मछली पालन के साथ ही खरीफ में गेहूं और रबी में धान की फसल ले रहे है। इससे उन्हें 1 लाख रुपये तक का मुनाफा हो पा रहा है। जैराम ने बताया कि वो खेत तालाब से खरीफ में गेहूं और रबी में धान की फसल ले रहें है। रबी में कुछ समय पानी की समस्या जरूर होती है। लेकिन इसकी पूर्ति वो ट्यूबवेल से कर लेते है। ट्यूबवेल से पानी भर कर उसका टैंक के रूप के उपयोग करते हुए मछली पालन भी आसान हो गया है। मछली पालन से करीब 40 हजार रुपये तक का मुनाफा हो जाता है। जबकि गेंहू और धान की फसल से भी करीब 60 से 70 हजार की आमदनी हो जाती है। इस सम्बंध में वारासिवनी सीईओ दीक्षा जैन ने बताया कि वर्ष 2022 में मछली पालन के लिए आर्थिक सहायता के लिए आवेदन किया गया था।

#### भारतमाला नेशनल हाइवे का कार्य 2 माह में होगा पूर्ण

## जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए हेल्पलाईन नम्बर होगा प्रारम्भ




### जनप्रतिनिधि कोई हो समय पर पत्र का जवाब देना आवश्यक- सांसद श्रीमती पारधी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए शीघ्र ही एक हेल्पलाईन जारी किया जाएगा। इस हेल्पलाईन पर जिले के नागरिक सेवाओ के सम्बंध में न सिर्फ जानकारी ले सकेंगे बल्कि आवश्यकता पड़ने पर शीघ्रता से स्वास्थ्य सेवा भी पा सकेंगे। इस सेवा के सम्बंध में सीएमएचओ डॉ. परेश उपलव ने सांसद श्रीमती भारती पारधी की अध्यक्षता में हुई जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन की बैठक में जानकारी दी। सांसद श्रीमती पारधी ने बैठक के प्रारम्भ में 31 दिसम्बर को आयोजित हुई बैठक में दिए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन से की। राष्ट्रीय राजमार्ग के सम्बंध में विभाग के अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि मप्र- महाराष्ट्र में बन रहें 42.210 किमी. मार्ग भारतमाला परियोजना का कार्य 2 माह में पूरा करने के बारे में बताया गया। वहीं रजेगांव में पुलिया निर्माण के सम्बंध में ग्रामीणों द्वारा सुधार की मांग को 15 दिनों में पूर्ण करने की भी जानकारी दी गई। इसके अलावा बैठक में एमपीआरडीसी द्वारा संधारित सड़कों के चल रहें नवीनीकरण के कार्यो की भी समीक्षा की गई। पीआईयू द्वारा परसवाड़ा में बनाये जा रहें सांदीपनि विद्यालय का कार्य भी जून माह में पूरा होने की जानकारी कार्यपालन यंत्री श्री उइके द्वारा दी गई। बैठक के दौरान कटंगी विधायक श्री गौरव पारधी द्वारा कहा गया कि पीआईयू विभाग को लिखे पत्र का जवाब आज तक नहीं मिल पाया है। इस सम्बंध में सांसद श्रीमती पारधी ने सभी अधिकारियों से कहा कि जनप्रतिनिधि चाहे कोई हो पत्र के माध्यम से जानकारी चाही गई है तो समय पर जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

बैठक में लांजी विधायक श्री राजकुमार कर्राहे,नपा अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, परसवाड़ा जनपद अध्यक्ष श्री समल सिंह धुर्वे, किरनापुर जनपद अध्यक्ष श्री कल्याण सिंह राणा, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, डीएफओ उत्तर श्रीमती नेहा श्रीवास्तव, डीएफओ दक्षिण श्री अधर्व गुप्ता, सहायक कलेक्टर श्री आकाश अग्रवाल, एसडीएम श्री गोपाल सोनी,संयुक्त कलेक्टर श्री केसी ठाकुर, श्री राहुल नायक सहित सम्बधित विभागों के विभाग प्रमुख मौजूद रहें।

## ओबीसी-एससी-एसटी मोर्चा ने किया जाति जनगणना का स्वागत



### समय सीमा तय करने की मांग; कहा- आंकड़े सार्वजनिक किए जाएं

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में गुरुवार को ओबीसी, एससी-एसटी क्रांति मोर्चा ने केंद्र सरकार की जातिगत जनगणना के ऐलान का स्वागत किया। मोर्चा ने आंबेडकर चौक पर आतिशबाजी की।

मोर्चा प्रतिनिधि उम्मेद लिल्हारे ने कहा कि ओबीसी के लंबे संघर्ष के बाद सरकार ने यह निर्णय लिया है। उन्होंने चिंता जताई कि एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू करने की तरह ओबीसी जनगणना में भी बाधा न डाली जाए।

प्रतिनिधि महेश सहारे ने कहा कि सरकार को विशेष सत्र बुलाकर जनगणना के लिए बजट आवंटित करना चाहिए। उन्होंने मांग की कि जनगणना में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक आंकड़े शामिल किए जाएं। साथ ही इन आंकड़ों को सार्वजनिक किया जाए।

मोर्चा ने बिहार चुनाव से पहले किए गए इस ऐलान पर संदेह जताया है। प्रतिनिधियों ने कहा कि पहले की जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए। उन्होंने सरकार से जनगणना की समय-सीमा तय करने की मांग की है।

प्रतिनिधि रहीम खान ने भी सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह ऐलान ठंडे बस्ते में नहीं जाना चाहिए। उन्होंने इस निर्णय के ठोस परिणाम की मांग की।

## इंदिरा नगर में नगरपालिका ने 42 परिवारों को किया नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट के वार्ड क्रमांक 24 इंदिरा नगर में नगरपालिका ने 42 परिवारों को नोटिस जारी किया है। इन परिवारों ने भूमि पट्टे से अधिक जगह पर निर्माण कर लिया था। नगरपालिका ने इस अतिरिक्त निर्माण को अतिक्रमण माना है। प्रभावित परिवारों ने शुक्रवार को इस कार्रवाई का विरोध किया। उनका कहना है कि उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाया है। अतिरिक्त जगह का उपयोग शौचालय निर्माण के लिए किया गया है। स्थानीय निवासी पुष्पा मेश्राम के अनुसार उन्होंने पट्टे वाली जमीन पर तीन कमरों का मकान बनाया है। शौचालय अतिरिक्त जगह पर बना है। इसे तोड़ने से उन्हें आर्थिक नुकसान होगा। साथ ही शौचालय की समस्या भी सामने आएगी। प्रभावित परिवार दशकों से मोती तालाब के पास बने नाले के किनारे रह रहे हैं। उनका कहना है कि धोबीघाट के लिए नगरपालिका के पास पर्याप्त जमीन है। परिवारों ने मानवीय आधार पर निर्माण हटाने का निर्णय वापस लेने की मांग की है। रहवासी प्रशांत चौरागढ़े का कहना है कि जितना निर्माण हो गया है, जो धोबीघाट बन रहा है, उसके लिए काफी जगह है।

### CMO बोले-जल्द हटाएंगे अवैध निर्माण

इस मामले में नगरपालिका सीएमओ बीडी कतरोलिया ने कहा कि नाले के पास तक अतिक्रमण कर निर्माण किया गया है, जिससे ना केवल नाला सफाई में दिक्कत आ रही है बल्कि पट्टे से ज्यादा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया गया है। इसके लिए हमने नोटिस जारी किया है, यदि वह स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाते हैं तो जल्द ही नगरपालिका, वहां अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगी।

## खेत तालाब को टैंक बनाकर मछली पालन के साथ रबी में धान उपजा रही है सुनीता

**बालाघाट।** वारासिवनी में तुमाड़ी की सुनीता जैराम के खेत मे 2022 में मनरेगा के तहत खेत बनाया गया था। करीब 6 फिट गहराई में बने खेत तालाब से सुनीता और उनके पति मिलकर मछली पालन के साथ ही खरीफ में गेहूं और रबी में धान की फसल ले रहे है। इससे उन्हें 1 लाख रुपये तक का मुनाफा हो पा रहा है। जैराम ने बताया कि वो खेत तालाब से खरीफ में गेहूं और रबी में धान की फसल ले रहें है। रबी में कुछ समय पानी की समस्या जरूर होती है। लेकिन इसकी पूर्ति वो ट्यूबवेल से कर लेते है। ट्यूबवेल से पानी भर कर उसका टैंक के रूप के उपयोग करते हुए मछली पालन भी आसान हो गया है। मछली पालन से करीब 40 हजार रुपये तक का मुनाफा हो जाता है। जबकि गेंहू और धान की फसल से भी करीब 60 से 70 हजार की आमदनी हो जाती है। इस सम्बंध में वारासिवनी सीईओ दीक्षा जैन ने बताया कि वर्ष 2022 में मछली पालन के लिए आर्थिक सहायता के लिए आवेदन किया गया था। लेकिन जन संवर्धन के लिए मनरेगा में ऐसी व्यवस्था की गई जिससे इनका काम हो सकें। अब वे खेत तालाब का इस्तेमाल टैंक के रूप में कर अच्छा मुनाफा ले रहे है। मनरेगा में 3 लाख 81 हजार रुपये की लागत से खेत तालाब का निर्माण किया गया था।

### 5 मई को राजीव सागर बाँध के मुख्य द्वार खोले जाएंगे

**बालाघाट।** राजीव सागर (बावनथडी) अंतर्राज्यीय वृहद परियोजना अंतर्गत निर्मित बावनथड़ी नदी पर राजीव सागर बांध से बावनथड़ी नदी में 5 मई को दोपहर 12 बजे बांध के मुख्यद्वार (रेडियल गेट) खोले जायेंगे। जल संसाधन सर्वेक्षण संभाग के कार्यपालन यंत्री श्री उदय सिंह परते ने आमजन से अपील की है कि बांध के निचले क्षेत्र के ग्रामवासी नदी तटों एवं तल के पास न जायें। साथ ही मवेशी, मोटरपम्प और अन्य उपयोगी वस्तु भी तटों के पास ना रखे एवं सतर्कता बरते।

## जातिगत जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं बल्कि सामाजिक न्याय और बराबरी स्थापित करने का आंदोलन है : ओबीसी हेमंत साहू

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

आजादी के बाद देश में जातिगत जनगणना अब पहली बार कराई जाएगी।मोदी कैबिनेट ने बुधवार को जातिगत जनगणना के लिए हामी भरी है।ओबीसी महासभा ओबीसी आरक्षण,जातिगत जनगणना,प्राइवेट सेक्टर में ओबीसी आरक्षण,संख्या के अनुपात में हिस्सेदारी सहित विभिन्न मांगों को लेकर वर्षों से माह के प्रत्येक 13 तारीख़ को महामहिम राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री,महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाता रहा।साथ ही समय समय पर देश प्रदेश में अनेक शहरों में ओबीसी महासभा के द्वारा धरना प्रदर्शन और आंदोलन भी किया गया।ओबीसी महासभा छात्रमोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओबीसी हेमंत साहू ने कहा कि ओबीसी महासभा राष्ट्रीय कोर कमेटी के दिशा निर्देशों पर ओबीसी महासभा के हर एक क्रांतिकारी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर ओबीसी आरक्षण और जातिगत जनगणना को लेकर लोगों को जागरूक करने का काम करते रहें हैं।धरना प्रदर्शन और आंदोलन में ओबीसी महासभा के कार्यकर्ताओं को कई बार पुलिस की लाठियां भी खानी पड़ी है।लेकिन बहुजन महापुरुषों के बताए हुए रास्तों पर चलने वाले कार्यकर्ता हार नहीं माने।उम्मीदें नहीं छोड़ी।ओबीसी आरक्षण और जातिगत जनगणना के लिए केंद्र सरकार पर दबाव बनानें के लिए ओबीसी महासभा विपक्ष के नेताओं से भी समय समय में मिलते रहे हैं।2022 में देश के बड़े नेता राहुल गांधी,लालू प्रसाद यादव,शरद यादव से जातिगत जनगणना को लेकर मुलाकात किए।मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय कोर कमेटी ओबीसी महासभा से महेंद्रसिंह लोधी,एडवोकेट धर्मेंद्र कुशवाहा, एडवोकेट वैभव सिंह,पुष्पराज,एडवोकेट वरुण ठाकुर, लोकेंद्र गुर्जर,विश्वजीत रतौनिया ,कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष राकेश सिंह लोधी,ब्रिजेंद्र सिंह यादव और अन्य साथी की उपस्थिति रही।दिसंबर 2022 में एक बार फिर ओबीसी महासभा के द्वारा राहुल गांधी से मप्र के आगर मालवा में मुलाकात कर जातिगत जनगणना की मांग की गई थी।




मोदी कैबिनेट के इस फैसले पर ओबीसी महासभा के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद प्रेषित किया गया है।साथ ही उम्मीद की गई कि एक निश्चित समयावधि में जातिगत जनगणना को पूरी ईमानदारी के साथ पूरी की जाए।अभी तक देश में केवल 8 बार ही जातिगत जनगणना हुई है। 2011 के जातीय जनगणना के आंकड़े को सार्वजनिक नहीं किया गया था। लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा,ऐसी उम्मीदें देश की आधे से ज्यादा आबादी के ओबीसी वर्ग को है।

जातिगत जनगणना से पूर्व SC, ST और OBC वर्गों को आज भी उनकी जनसंख्या के अनुपात में संसाधनों में हिस्सेदारी नहीं मिली है।ऐसे में सरकार द्वारा जातिगत जनगणना का निर्णय लिया गया है तब जातिगत जनगणना को लेकर बहस एक लंबी छिड़ चुकी है।इस बहस का असल सवाल यह नहीं है कि किस जाति की संख्या कितनी है बल्कि यह है कि हर जाति के पास संसाधनों की कितनी हिस्सेदारी है?आज जरूरत है एक ईमानदार सामाजिक ऑडिट की।



**जातिगत जनगणना सिर्फ सिर गिनने (Head Count) की कवायद नहीं होनी चाहिए :** ओबीसी महासभा छात्रमोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओबीसी हेमंत साहू ने कहा कि जातिगत जनगणना केवल सिर गिनने की कवायद नहीं होनी चाहिए बल्कि एक सामाजिक पुनर्संरचना की शुरुआत होनी चाहिए।जहाँ हर जाति को उसकी संख्या के अनुपात में भागीदारी और सम्मान मिले।इस जनगणना में संख्या नहीं,बल्कि संसाधनों की वास्तविक हिस्सेदारी मायने रखती है।यह जानकारी ऐतिहासिक अनुभवों,सामाजिक सर्वेक्षणों और अलग-अलग रिपोर्टों से लंबे समय से सामने आती रही है।लेकिन असली डेटा वह नहीं है। असली डेटा यह है कि देश के संसाधनों जैसे-ज़मीन, सरकारी और निजी नौकरियाँ, शिक्षा के अवसर, कॉर्पोरेट बोर्ड्स, न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका,मीडिया और व्यापारिक पूंजी पर किस जाति का कितना नियंत्रण है और उसमें OBC का प्रतिनिधित्व कितना है।उदाहरण के लिए-विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों,न्यायालयों के न्यायाधीशों,कार्यपालिका और विधायिका या सचिव स्तर के अधिकारियों में किस जाति का कितना प्रतिनिधित्व है?

### ओबीसी हेमंत साहू ने कहा कि यह एक नीतिगत औज़ार होना चाहिए जिसका इस्तेमाल यह जानने के लिए किया जाए कि

जमीन पर कौन बैठा है और निर्णय की कुर्सियों पर कौन?, कौन से वर्ग आज भी सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित हैं?, किन जातियों को उनकी संख्या के अनुपात में संसाधन नहीं मिल रहे?, किन जातियों का सत्ता,संपत्ति और अवसरों पर अनुपातहीन वर्चस्व है?, ओबीसी वर्ग के सभी जातियों को संख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व मिला या नहीं?,केंद्र सरकार के द्वारा जातिगत जनगणना की मंजूरी पर ओबीसी महासभा परिवार ने ओबीसी महासभा की मांग पर जातिगत जनगणना के लिए आवाज़ उठाने वाले विपक्ष के नेता राहुल गांधी,लालू प्रसाद यादव,तेजस्वी यादव,एम के स्टालिन,रेवंत रेड्डी,चंद्रशेखर आजाद आदि नेताओं के अलावा सभी सामाजिक संगठन को भी धन्यवाद प्रेषित किए हैं।जातिगत जनगणना को केंद्र से मिली स्वीकृति पर ओबीसी हेमंत साहू ने ओबीसी महासभा (सभी प्रदेश)और सभी मोर्चे के प्रदेशाध्यक्ष,जिलाध्यक्ष,सभी पदाधिकारी और जाबांज कार्यकर्ताओं को हृदय से जीत की बधाई देते हुए कहा कि यह जीत हर एक कार्यकर्ताओं की जीत है।